अमर उजाला 20/03/2024

जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

जीएमएन कॉलेज से जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। विज्ञप्ति

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं ड्रॉप्स ऑफ चेंज के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इसका उद्‌देश्य समाज को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य ने कहा कि ये रैली समाज में व्याप्त समस्याओं को सामने लाने और उनका निवारण करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। जीएमएन कॉलेज सदैव आम जनता को बेहतर और समृद्ध समाज की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रयासरत है। इस रैली के माध्यम से हमारा उद्‌देश्य समाज को समृद्ध, सबल और समानता की भावना से युक्त बनाना है। संवाद